जनसुनवाई में भ्रष्टाचार की शिकायतें लेकर पहुंचा एक पत्रकार

छपारा, केवलारी, देशबन्धु। मध्य प्रदेश के सिवनी जिले में हिन्द शिला के संपादक संजीत सिंह बघेल द्वारा भ्रष्टाचार से संबंधित अलग अलग विभागों की दर्जन भर शिकायत दर्ज करवाई गई है, किंतु उन पर जिम्मेदार शासकीय नुमाइंदों द्वारा करवाई तो बहुत दूर की बात है जांच तक नहीं कराई जा रही। इस कारण आज वह समस्त शिकायतों का पुलिंदा अपने बदन पर लटका कर जनसुनवाई के दौरान सिवनी जिला कलेक्टर के समक्ष उनका ध्यान आकर्षण करने के लिए उपस्थित हुए। उल्लेखनीय है कि उन्होंने सिवनी बस स्टैंड से कार्यालय जिला कलेक्टर सिवनी तक पैदल मार्च भी निकाला था।

नगर परिषद केवलारी जिला सिवनी में व्याप्त भ्रष्टाचार जिसमे आठ करोड़ रुपयों से अधिक के संदिग्ध भुगतान, सिवनी जिले की विधान सभा केवलारी एवं बरघाट में विधायक निधि से स्मार्ट क्लास के नाम पर 70 शासकीय विद्यालयों में डेढ़ करोड़ रुपए से भी अधिक के भ्रष्टाचार, जनपद पंचायत केवलारी में 1करोड़ 15 लाख तो जनपद पंचायत लखनादौन में एक करोड़ 10 लाख रुपयों के अधिक के संदिग्ध भुगतान, अवैध कॉलोनी इत्यादि अनेक लिखित शिक़ायत दर्ज करवाई जा रही है पर सभी के सभी में कार्यवाही तो बहुत दूर की बात है उन सभी में आज दिनांक तक जांच तक नहीं हुई।

मध्य प्रदेश के सिवनी जिला अंतर्गत आने वाली बहुचर्चित नगर परिषद केवलारी का है जहां पर निर्वाचित 8 पार्षदों के समर्थन के साथ हिन्द शिला के संपादक संजीत सिंह बघेल द्वारा 8 करोड रुपए से भी अधिक के संदिग्ध भुगतान की प्रदेश के मुख्यमंत्री, शासन के मुख्य सचिव समेत 9 अन्य जिम्मेदार अधिकारी एवं जनप्रतिनिधियों के समक्ष लिखित शिकायत प्रस्तुत किए हुए तीन माह से अधिक बीत गया है किन्तु जिम्मेदार अधिकारियों द्वारा कार्यवाही की तो बहुत दूर की बात है जांच तक नहीं कराई जा रही हैं! जिससे भ्रष्टाचारियों के हौसले बुलंद हैं और वह बेखौफ होकर धड़ल्ले से आज भी भ्रष्टाचार को अंजाम देने में जरा संकोच नहीं कर रहे हैं, और उन्हें रोकने वाला कोई नजर नहीं आ रहा है।

मध्य प्रदेश में भ्रष्टाचार शासकीय सिस्टम पर इस कदर हावी है कि शिक्षा के मंदिर भी अछूते नहीं रहे, इसका ताजा उदाहरण मध्यप्रदेश के अंतर्गत सिवनी जिले की दो विधानसभा केवलारी एवं बरघाट में देखने को मिल रहा है, जहां पर 70 शासकीय विद्यालयों में विधायक निधि से स्वीकृत स्मार्ट क्लास के नाम पर बड़े पैमाने में भ्रष्टाचार कर संबंधित 70 शासकीय विद्यालयों प्राचार्य एवं छिंदवाड़ा निवासी आदि कंप्यूटर के संचालक आशीष जैन के द्वारा लगभग एक करोड़ 57 लाख रुपयों से भी अधिक की खुली लूट की गई है। कार्यालय जनपद पंचायत लखनादौन में पदस्थ शासकीय सेवक संजय तिवारी के नाम से 15 लाख 44 हजार 55 रुपए न्यायालीन व्यय के नाम से शासकीय राशि का आहरण किया गया है, एवं आशुतोष दुबे के नाम से 14 लाख, 44 हजार,6 सो रुपयों के राज मिस्त्रियों के प्रशिक्षण के नाम से आहरण किया गया है।

निविदा एवं टेंडर प्रक्रिया का पालन किए बगैर मध्य प्रदेश के रायसेन जिला स्थित जय अंबे एसोसिएट से हाई मास्क के नाम पर 8 लाख, 49 हजार 7 सो 25 रुपयों का भुगतान किया गया है, जिसमें मध्य प्रदेश में लागू पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम का सामग्री तथा माल क्रय नियम 1999 में उल्लेखित नियम तीन के उप नियम 2, 3, 7, 8 एवं नियम 9 के उप नियम की कंडिका ख एवं ग का अनेकों बार उल्लंघन कर अलग-अलग समय में अलग-अलग नाम से राशि का आहरण कर 1,10,21,277/ रुपयों का संदिग्ध भुगतान कर शासकीय राशि का आपस में बंदरबाट किया गया है।

कार्यालय जनपद पंचायत केवलारी में पदस्थ सहायक लेखापाल अधिकारी सौरभ कुशरे एवं तत्कालीन मुख्यकार्य पालन अधिकारी की मिलीभगत से 1,15,80,824/ रुपयों का संदिग्ध भुगतान किया गया है। कार्यालय जनपद पंचायत केवलारी में पदस्थ सहायक लेखापाल अधिकारी सौरभ कुशरे के नाम से उनके निज खाते में कार्यालयीन व्यय एवं अन्य व्यय बताकर 14,66,127/ रुपयों की शासकीय राशि का आहरण किया गया है ! इसके अलावा षडयंत्र पूर्वक अनेक फर्जी निजी संस्थानो का कागजों में निर्माण कर उनके नाम से अनेकों बार फर्जी बिल लगाकर शासकीय राशि का भुगतान किया गया है।

शनि मंदिर में पार्थिव शिवलिंग का विशेष अभिषेक आज

सिवनी, देशबन्धु। श्री सिद्ध शनि धाम ट्रस्ट मंदिर पलरी टेकरी सीलादेही में आज 26 फरवरी बुधवार को 10:00 बजे से भूतभावन महादेव का अभिषेक एवं पूजन सहित भक्तिपूर्ण कार्यक्रमों का आयोजन किया गया है। महाशिवरात्रि के पवन अवसर पर रुद्राक्ष के वृक्ष के नीचे पर्थिव शिवलिंग का विशेष अभिषेक किया जाएगा। अत: आप सभी

सनातनी धर्म प्रेमी बंधुओं से मंदिर समिति ने अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर धर्म लाभ अर्जित करने का आग्रह किया है। कार्यक्रम महंत रामपुरी जी महाराज शिवप्रसाद मिश्रा द्वारा संपन्न कराया जायेगा, आयोजन के दौरान सन्तोष अग्रवाल, भारत सनोडिया भंडारा एवं विकास एवं मासिक सहयोग समिति एवं सभी ट्रस्ट के पद अधिकारी एवं समस्त सदस्यगण श्रद्धालुजन उपस्थित रहेंगे।

सूर्य मंदिर में रुद्राक्ष वृक्ष के नीचे होगा अभिषेक

प्राचीन सूर्य मंदिर टैगोर वार्ड मे 26 फरवरी दिन बुधवार महा शिवरात्रि के अवसर पर भगवान सूर्य देव का ब्रह्म मुहूर्त में अभिषेक पूजन पश्चात पंडित अभिषेक तिवारी द्वारा रुद्राक्ष के वृक्ष के नीचे भगवान भोलेनाथ का वैदिक विधि विधान से अभिषेक हवन पूजन किया जाएगा । महाशिवरात्रि के पावन अवसर पर सूर्य मंदिर में विशेष पूजन का क्रम दिनभर प्रारंभ रहेगा और धार्मिक आयोजन किये जायेंगे ।

मंदिर समिति द्वारा दी गयी जानकारी के अनुसार महाशिवरात्रि के पावन पर्व पर भगवान भोलेनाथ का अभिषेक प्रात:6:30 बजे प्रारंभ होगा । इस अवसर पर ट्रस्टी संतोष अग्रवाल द्वारा समस्त सनातनी धर्म प्रेमियों से कार्यक्रम में उपस्थित होने की अपील की गई।

सार-समाचार

सामूहिक विवाह कार्यक्रम में पहुंचे विधायक, फिर कार्यालय में की जनसुनवाई

सिवनी, देशबन्धु । आज मध्यप्रदेश शासन सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग द्वारा जनपद पंचायत छपारा के तत्वावधान मे जनपद प्रांगण मे मुख्यमंत्री कन्या विवाह -निकाह योजनांतर्गत आयोजित सामूहिक विवाह- निकाह कार्यक्रम मे विधायक दिनेश राय मुनमुन शामिल हुए। तथा दाम्पत्य सूत्र बंधन मे बंधे 318 नव-युगलों को शुभकामनाएं एवं आशीर्वाद दिया। इस दौरान विधायक श्री राय ने हितग्राहियों को प्रतीकात्मक चैक वितरण किया। इसके पश्चात श्री राय ने जनपद प्रांगण मे वृक्षारोपण भी किया। इस अवसर पर जनप्रतिनिधियों, जिला व जनपद पंचायत के अधिकारियों, कर्मचारियों एवं आमजनों की गरिमामय उपस्थिति रही। इसके पश्चात विधायक श्री राय ने कलेक्ट्रेट सभा कक्ष में आयोजित जिला जल उपयोगिता समिति की बैठक में शामिल होकर अपनी बात कही। इसके अलावा विधायक श्री राय ने अपने बारापत्थर स्थित कार्यालय मे प्रात: 11:00 बजे से जन सुनवाई किया। तथा नागरिकों की समस्याओं का निराकरण किये जाने हेतु संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिया।

जिले के 80 केंद्रों में हुई हायर सेकेंडरी की हिंदी विषय की परीक्षा

सिवनी, देशबन्धु। जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा बताया गया कि माध्यमिक शिक्षा मण्डल भोपाल द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार मंगलवार 25 फरवरी को हायर सेकेण्डरी की हिंदी विषय की मुख्य परीक्षा जिले के 80 परीक्षा केन्द्रों में शांतिपूर्ण एवं व्यवस्थित रूप से संपन्न हुई। परीक्षा में दर्ज 13922 परीक्षार्थियों में से 13690 उपस्थित रहे तथा 232 अनुपस्थित पाये गये। इस दौरान जिला स्तरीय निरीक्षण दल द्वारा सतत रूप से परीक्षा केन्द्रों को अवलोकन किया गया। नकल प्रकरण निरंक रहा।

सेवानिवृत्त हुए 18 कर्मचारियों को किया गया पीपीओ वितरण

सिवनी, देशबन्धु। कलेक्टर संस्कृति जैन द्वारा जिले के विभिन्न विभागों के सेवानिवृत्त हुए 18 शासकीय सेवकों को पेंशन पेमेन्ट आर्डर (पी.पी.ओ.) का वितरण किया गया। इस अवसर पर अपर कलेक्टर सीएल चनाप, जिला कोषालय अधिकारी, अति. जिला पेंशन अधिकारी, सहायक पेंशन अधिकारी धनेन्द्र कुमार उईके सहित अन्य संबंधित अधिकारियों की उपस्थिति रही। कलेक्टर सुश्री जैन द्वारा पीपीओ वितरण कार्यक्रम में सेवानिवृत्त कर्मचारियों के शासकीय सेवा के दौरान किये गये कार्यों की सराहना करते सभी सेवानिवृत्त कर्मचारियों को पौधे भेंट कर उनके सुखद एवं उज्जवल भविष्य की कामना की। सहायक कोषालय अधिकारी सुश्री निर्मला गजभीम, सहायक प्राध्यापक अर्चना चंदेल, भृत्य दयाराम उइके, सहायक शिक्षकमती फरजाना खान, सहायक शिक्षक शाहिन खान, सर्वेलेंस निरीक्षक प्रभुदयाल यादव, सहायक शिक्षक साधना बारापात्रे, प्रधान पाठक अशोक कुमार हिरकने, वनपाल अमर दास डोंगरे, सहायक शिक्षक राधेश्याम ठाकुर, प्राचार्य राघवेन्द्र रंजन सिंह, भृत्य श्रीराम रैकवार, प्रधान पाठक संतोष गिरी गोस्वामी,सहायक ग्रेड 3 शरद शिवहरे, एच एच व्ही मीरा डोंगरे, माध्यमिक शिक्षक ज्ञानदास गढपाल, दफतरी लच्छी लाल टेकाम, एएनएम अनुपा मेश्राम को पीपीओ का वितरण किया गया।

समय सीमा बैठक आयोजित

सिवनी, देशबन्धु। कलेक्टर संस्कृति जैन की अध्यक्षता में सोमवार 24 फरवरी को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में समय-सीमा बैठक आयोजित हुई। बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत नवजीवन विजय, अपर कलेक्टर सी एल चनाप एवं अपर कलेक्टर सुश्री सुनीता खण?डायत सहित सभी विभागों के कार्यालय प्रमुख उपस्थित थे, वहीं खंडस्तरीय अधिकारी वीडियो कॉफ्रेंसिंग के माध्यम से बैठक में जुड़े थे। बैठक में कलेक्टर सुश्री संस?कृति जैन ने सीएम हेल?प लाईन,समयसीमा में दर्ज प्रकरणों जनसुनवाई के आवेदन, विभिन्न आयोग के पत्रों में लंबित आवेदनों सहित विभिन्न योजनाओं की प्रगति की समीक्षा कर आवश्यक दिशा-निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिये। कलेक्टर सुश्री जैन ने सीएम हेल्प लाइन प्रकरणों की विभागवार विस्तृत समीक्षा करते हुए विभाग की अनुभागवार रैंकिंग की भी समीक्षा की तथा कम प्रगति वाले 44 अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी करने के निर्देश दिये हैं। उन्होंने अधिकारियों को अधिकतम शिकायतों को संतुष्टी से बंद कराने के साथ-साथ 50 दिवस से अधिक समय से लंबित शिकायतों को त्वरित रूप से निराकृत करने के निर्देश दिये हैं।

प्रभारियों की बैसाखी पर टिका समूचा महाविद्यालय

गोटेगांव, देशबन्धु। गोटेगांव शहर में उच्च शिक्षा का एक मात्र मंदिर अपनी बेबसी पर आंसू बहा रहा है परंतु मध्यप्रदेश शासन और शासन के जनप्रतिनिधि इस ओर ध्यान नहीं दे रहे हैं। कई वर्षों से यह महाविद्यालय प्राचार्य विहीन है। स्मरण हो कि इस महाविद्यालय में तत्कालीन प्राचार्य डॉक्टर आरपी गौतम के सेवानिवृत होने के बाद आज तक कोई प्राचार्य की नियुक्ति मध्यप्रदेश शासन के उच्च शिक्षा विभाग द्वारा नहीं की गई। इससे यह प्रभारियों की ऑक्सीजन पर चल रहा है।

यहां न कर्मचारियों का भविष्य है न ही अध्ययनरत छात्र और छात्राओं का कोई भविष्य है। साथ ही स्टाफ की भी कमी इस महाविद्यालय में चल रही है। यह खबर कई बार मीडिया की सुर्खियां बना फिर भी शासन के कानों में जूं तक नहीं रेंगी। आखिर शासन क्या चाहता है इस महाविद्यालय में बिना राजा की फौज चल रही है। कर्मचारियों को तो समय पर वेतन भी नहीं मिल पाता है। ये सभी विषय नगर के गणमान्य नागरिकों के बीच चर्चा का विषय बनते जा रहे हैं।

गोटेगांव के शासकीय ठाकुर निरंजन सिंह महाविद्यालय अधिकारियों, व्याख्याताओं और अन्य प्रतिदिन ट्रेन से अप डाउन करते हैं जिससे इस महाविद्यालय के सभी कार्य ठीक ढंग से नहीं हो पाते हैं इस महाविद्यालय का कोई नियम नहीं।

अध्ययनरत छात्र एवं छात्राएं यहां वहां फिरते नजर आते हैं एक महिला अधिकारी को प्राचार्य का जिम्मा प्रभार सौंपा है जो शिथिलता वश महाविद्यालय में अपना बर्चस्व नहीं दिखा पाती हैं यदि यहां पर कोई तेज तर्रार प्राचार्य की नियुक्ति हो तो वाकई इस महाविद्यालय की खोई हुई रौनक वापिस आ सकती है इस कालेज का दुर्भाग्य ही है कि यहां पर शासन की पकड़ कमजोर है।

ग्राम बेरडी में विशाल कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन एक मार्च को

सौसर, देशबन्धु। ग्राम पंचायत बेरडी में प्रतिवर्ष की तरह इस वर्ष भी वीर बजरंग क्रीड़ा मंडल एवं व्यायाम शाला बेरडी के तत्वधान में कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। आयोजन कमेटी के ज्ञानेश्वर गावंडे, राहुल गायकवाड, मनोज शिंदे, हर्ष बंड, प्रणय रुंघे, नयन कुरेकर, आदित्य गायकवाड,ने बताया की क्रीड़ा मंडल के द्वारा शनिवार, 1 मार्च को गुरूदेव सेवाश्रम बस स्टैण्ड बेरडी, कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है।

आयोजन में प्रदेश के अलावा महाराष्ट्र के नागपुर, सावनेर ,काटोल, वरूड, आदि के टीम में भी शामिल हो इस उद्देश्य को लेकर महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के अन्य शहरों में प्रचार प्रसार किया जा रहा है। प्रतियोगिता प्रथम पुरस्कार 21,001/ व्दितीय पुरस्कार 14,001/तृतीय पुरस्कार 5,000/चतुर्थ पुरस्कार दिया जाएगा। उद्घाटन समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में पूर्व सांसद नकुलनाथ, विधायक विजय चौरे, पांढुणा विधायक निलेश उइके, बेरडी सरपंच संगीता अरुण गावंडे, उपसरपंच बंडू गुरुवे, जनपद पंचायत सदस्य गायत्री गायकवाड आदि रहेंगे। पुरस्कार वितरण समारोह में मुख्य अतिथि पूर्व विधायक मंत्री सुनील केदार, भगवतराव महाजन पूर्व जिला कोऑपरेटिव बैंक अध्यक्ष विजय चौधरी, राधेश्याम सुधा, सुरेश झलके, डॉ राजेद्र यमदे, जिला युवक कांग्रेस प्रभारी पंकज दातारकर, संजय रुंघे आदि रहेंगे। आयोजन को लेकर क्रीड़ा मंडल के द्वारा जोर-जोर से तैयारीया की जा रही है।

छात्रों को दी विदाई

गोटेगांव, देशबन्धु। शासकीय हाई स्कूल देवनगर पुराना में विदाई समारोह आयोजित कर दसवीं के छात्राओं एवं छात्रों को विदाई दी गई विद्यालय के शिक्षकों द्वारा विद्या की देवी मां सरस्वती की पूजन से शुरू किए गए कार्यक्रम में नवमी के बच्चों ने दसवीं के छात्र-छात्राओं को टाइटल एवं उपहार देकर विदाई दी कार्यक्रम में दसवीं के छात्राओं ने मां सरस्वती की मूर्ति एवं वर्तमान राष्ट्रपति महामहिम श्रीमती द्रोपती मुर्मू का चित्र शाला को भेंट किया।

कार्यक्रम में संस्था प्रभारी शिव प्रसाद यादव कमलेश पटेल कृष्ण कुमार अग्रवाल ने दसवीं के छात्राओं को परीक्षा में अच्छे अंकों से सफलता प्राप्त करने की टिप्स दिए कार्यक्रम में बच्चों ने अपने विद्यालय की अनुभव साझा किया कार्यक्रम का संचालन कक्षा नवमी की अंशिका पटेल एवं निकिता कोरी ने किया। इस अवसर पर आदित्य जागेश्वर सेन राजेंद्र पटेल लखन मेहरा श्रीमती भगवती कोरी आशा यादव ऋषभ पटेल एवं रेनू पटेल ने ने सभी छात्राओं को परीक्षा के लिए शुभकामनाएं दी इस अवसर पर सभी छात्राएं एवं छात्र उपस्थित रहे।

भारतीय संस्कृति ज्ञान परीक्षा पुरस्कार वितरण समारोह

सौसर, देशबन्धु । 22 फरवरी 2025 को श्री शिवाजी ठाकरे मुख्य प्रबंध ट्रस्टी की अध्यक्षता मे गायत्री शक्तिपीठ सौसर में संपन्न हुआ। विशेष अथिति एन. आर. बोबडे पूर्व वि. शि. अधिकारी, शंकरराव घोड़की, राजेंद्र निमकर, किशोर किनकर, उमाजी चिपड़े, प्रभाकर लोढ़ेकर, मधुकर गायकवाड, तथा श्री जानराव आकोटकर उपस्थित रहें। विशेष स्थान प्राप्त छात्र छात्राओं के अतिरिक्त अनेक साथी छात्र छात्राओं की उपस्थिति एवं द्य अनेक पालक व सम्बंधित शिक्षक भी उपस्थित रहें। छात्रों को प्राविन्य प्रमाण पत्र के साथ सत साहित्य व नगद राशि साथ ही परीक्षा में सहयोगी शिक्षको को सम्मान में अभिनन्दन प्रमाण पत्र भेंट किया।

घोघरा टेकड़ी पर मनाया जाएगा पांच दिवसीय महोत्सव

पिपलानारायणवार, देशबन्धु । श्रोत्रिय आध्यात्मिक आलोक स्तंभ शिव अर्चा केन्द्र,श्री मानस प्रबोध आश्रम घोघरा टेकडी पर स्थित शिव मंदिर श्री नर्मदेश्वर स्वयंभुनाथ भगवान का बुधवार को सुबह आरती, प्रार्थना दोपहर को शिवजी का मुक्त पूजन, श्रृंगार सज्जा ओर महाशिवरात्रि के मध्य रात्रि में शिव विवाह सम्पन्न होगा।

तत्पश्चात शिव अभिषेक प्रारंभ होगा जो पूरी रात्रि चलेगा, पांच दिवसीय महोत्सव मे धर्मध्वजा आरोहण,भजन, कीर्तन, शहनाई वादन, गायन, 28 फरवरी दिन शुक्रवार को शिव महाप्रसाद ओर संतों के दर्शन होंगे, दिन शनिवार को सुबह महोत्सव समापन ओर शिष्यो की विदाई कार्यक्रम सम्पन्न होगा।

महोत्सव श्री स्वामी नित्यानंदजी सरस्वती शिष्य मंडल एवं क्षैत्रवासियों द्वारा सम्पन्न होगा और सभी क्षेत्रवासियों को एमपी महाराष्ट्र के सभी आप सादर आमंत्रित है।

ई-ऑफिस प्रणाली लागू करने को दिया प्रशिक्षण

विभिन्न विभागों के अधिकारी हुए शामिल

सिवनी, देशबन्धु। राज्य शासन के निर्देशानुसार जिला कार्यालयों में 31 मार्च 2025 से ई ऑफिस प्रणाली लागू किया जाना है । जिले में ई ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु कलेक्टर संस्कृति जैन के निर्देशानुसार जिला स्तर पर स्थित कार्यालयों में पदस्थ अधिकारियों, कर्मचारियों को ई कार्यालय प्रणाली का प्रशिक्षण दिया जा रहा है, इसी क्रम में सोमवार को सभाकक्ष सिवनी में विभिन्न विभागों के अधिकारियों को ई-कार्यालय प्रणाली का प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण में डीआईओ एनआईसी जी.एस.बघेल द्वारा अधिकारियों कर्मचारियों को ई ऑफिस प्रणाली के तहत विभिन्न कार्यो तथा उनके उपयोग के बारे में विस्तृत रूप से बताया गया। प्रशिक्षण में ई ऑफिस का परिचय व उपयोग दस्तावेज़ तैयार करना व अनुमोदन प्रक्रिया रिपोर्टिंग व फाइल ट्रैकिंग सुरक्षा उपाय व गोपनीयता इत्यादि के बारे में विस्तार से बताया गया।

डीआईओ ने बताया कि विभागों में कार्यप्रणाली को डिजिटल और कुशल बनाने के उद्देश्य से ई ऑफिस प्रशिक्षण का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें ई ऑफिस प्लेटफ़ॉर्म का सही और प्रभावी उपयोग सिखाया जा रहा है, ताकि कार्यों को डिजिटल रूप से सुव्यवस्थित किया जा सकें। इससे कागजी प्रक्रिया में कमी लायी जा सकेगी।

ई ऑफिस प्लेटफ़ॉर्म पर दस्तावेजों की डिजिटल ट्रैकिंग व प्रसंस्करण कार्यों में पारदर्शिता और कुशलता समय की बचत एवं प्रक्रिया की गति में सुधार कर्मचारियों के बीच बेहतर संवाद और सहयोग स्थापित करना है। कलेक्टर संस्कृति जैन ने सभी जिला अधिकारियों को उनके विभाग के दो शासकीय सेवकों को मास्टर ट्रेनर के रूप में ई ऑफिस प्रणाली का प्रशिक्षण दिए जाने हेतु निर्देशित किया गया।

कलेक्टर ने जिले में ई ऑफिस प्रणाली के प्रभावी क्रियान्वयन हेतु समस्त अधिकारियों को तत्काल कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया। प्रशिक्षण में बैठक में मुख्य कार्यपालन अधिकारी, अपर कलेक्टर एवं सहित अन्य विभागों के अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

आईएफएमआईएस पोर्टल पर समग्र पंजीयन तथा आधार लिंकिंग अनिवार्य

सिवनी, देशबन्धु। राज्य शासन द्वारा जारी निर्देशानुसार वित्त विभाग द्वारा संधारित एकीकृत वित्तीय प्रबंधन सूचना प्रणाली अंतर्गत शासकीय सेवकों की जानकारी का सत्यापन समग्र आईडी से किया जाना है एवं वेतन भुगतान आधार सक्षम भुगतान प्रणाली के माध्यम से किया जाना है।

उक्त निर्देशों के परिपालन में कलेक्टर संस्कृति जैन ने जिले के सभी आहरण एवं संवितरण अधिकारियों को आईएफएमआईएस अंतर्गत ईएसएस के माध्यम से उनके कार्यालय में पदस्थ सभी शासकीय कर्मियों की समग्र आईडी का पंजीयन तथा आधार लिंकिंग की कार्यवाही सुनिश्चित करने के निर्देश दिये हैं

दैनिक राशिफल

बुधवार 26 फरवरी 2025 का पंचांग विक्रम संवत् 2081, शक संवत 1946 हिजरी 1445। फाल्गुन शुक्ल पक्ष की महाशिवारात्रि, नक्षत्र-श्रवण

मेष
आज मन व्याकुल रहेगा और शरीर में आलस्य छाया रहेगा। स्वास्थ्य कुछ नरम-गरम हो सकता है। काम में सफलता देर से मिलेगी।

वृषभ
सरकार विरोधी काम और एक्टिविटी से दूर रहने की सलाह आपको दी जाती है। नए काम की शुरुआत ना करें। स्वास्थ्य भी बिगड़ सकता है।

मिथुन
आज का दिन सुख और शांतिपूर्वक गुजार सकेंगे। दैनिक कामों में कुछ ज्यादा ही व्यस्त रह सकते हैं। मन को प्रसन्न रखने के लिए आप मनोरंजन का सहारा लेंगे।
क- 367-267

कर्क
व्यवसाय स्थल पर वातावरण अनुकूल रहेगा। मायके से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। पारिवारिक वातावरण भी अनुकूल रहेगा। विरोधियों को लाभ प्राप्त नहीं हो पाएगा।

सिंह
प्रणय प्रसंग के लिए आज का दिन अनुकूल है। फिर भी गुस्से पर संयम रखें। पेट से संबंधित रोगों से कोई कष्ट हो सकता है। दोपहर के बाद परिवार में आनंद और उल्लास का वातावरण रहेगा।

कन्या
आज शारीरिक ताजगी का आपमें अभाव रहेगा। किसी बात की चिंता से काम में मन नहीं लगेगा। धनहानि होने की आशंका है।

तुला
नए काम की शुरुआत करने के लिए दिन अच्छा है। प्रिय व्यक्ति के साथ हुई मुलाकात आनंददायी रहेगी।

वृश्चिक
निर्धारित काम न होने के कारण हताशा का अनुभव होगा। किसी भी महत्वपूर्ण काम का डिसीजन आज ना लें। पारिवारिक वातावरण में क्लेश रहेगा।

धनु
आज का दिन आप के लिए शुभ फलदायी है। आज भाग्य आपका साथ देगा और आर्थिक रूप से आपको फायदा होगा। शारीरिक और मानसिक रूप से आप उत्साही तथा प्रफुल्लित बने रहेंगे।

मकर
कोर्ट कचहरी के मामलों से आज दूर रहें। मन में किसी बात को लेकर आज चिंता रह सकती है। आपके नकारात्मक विचार काम पर सीधा प्रभाव डालेंगे।

कुंभ
आज के दिन की शुरुआत लाभदायी है। सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में आप प्रगति करेंगे। किसी नए व्यक्ति से रिश्ता बन सकता है।

मीन
आपके विचारों में आज दृढ़ता अधिक नहीं होगी। व्यापार में भागीदारी के काम से लाभ होगा। नौकरी में पदोन्नति के योग हैं।
म. 160-599

3,4,8,9,31,44,80,99,07,45,17,90